MUKUT CLASSES

# कक्षा - 7
# सामाजिक विज्ञान

## पाठ 1: भारत की भौगोलिक विविधता

### प्रश्न और क्रियाकलाप

**प्रश्न 1. आपकी राय में भारत की दो महत्वपूर्ण भौगोलिक विशेषताएँ क्या हैं? आपके विचार में वे क्यों महत्वपूर्ण हैं?**
**उत्तर**:- भारत की दो प्रमुख भौगोलिक विशेषताएँ और उनके महत्व हैं -

1. हिमालय पर्वत श्रृंखला: यह उत्तर में प्राकृतिक सुरक्षा कवच की तरह काम करती है और जलवायु को नियंत्रित करती है।
2. हिंद महासागर: यह भारत को प्राकृतिक सीमाएँ देता है और व्यापार व जलवायु को प्रभावित करता है।

**प्रश्न 2. आपके विचार में यदि हिमालय नहीं होता तो भारत का स्वरूप कैसा होता? अपनी कल्पना को व्यक्त करने के लिए एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए अथवा चित्र द्वारा अभिव्यक्त कीजिए।**
**उत्तर:-** यदि हिमालय नहीं होता तो -

1. ठंडी हवाएँ सीधे भारत में आतीं, जिससे अधिक ठंड पड़ती।
2. मानसूनी वर्षा कम हो जाती, जिससे कृषि प्रभावित होती।
3. गंगा-यमुना जैसी प्रमुख नदियाँ नहीं बनतीं या कमजोर होतीं।
4. बाहरी आक्रमणों का खतरा बढ़ जाता।
5. भारत की जलवायु, अर्थव्यवस्था और संस्कृति पर बड़ा प्रभाव पड़ता।

**प्रश्न 3. अध्याय में दी गई जानकारी के आधार पर बताइए कि भारत को 'लघु महाद्वीप' क्यों कहा जाता है?**
उत्तर:

1. भारत में विभिन्न प्रकार की भौगोलिक विशेषताएँ पाई जाती हैं जैसे- पर्वत, मैदान, मरुस्थल, पठार, समुद्र।
2. यहाँ जलवायु की विविधता है जैसे- ठंडा, गर्म, आर्द्र, शुष्क।
3. भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं में अत्यधिक विविधता है।
4. इन विविधताओं के कारण भारत को 'लघु महाद्वीप' कहा जाता है।

**प्रश्न 4. भारत की किसी प्रमुख नदी को मानचित्र में देखिए। इसका उद्गम कहाँ है और यह समुद्र में कहाँ मिलती है? इसकी यात्रा के दौरान लोग इस नदी का विभिन्न प्रकार से कैसे उपयोग करते हैं? अपनी कक्षा में इस पर चर्चा कीजिए।**
**उत्तर**:

1. भारत की एक प्रमुख नदी गंगा नदी है।
2. इसका उद्गम उत्तराखंड के गंगोत्री से होता है।
3. यह बंगाल की खाड़ी में जाकर समुद्र मिलती है।
4. इसका उपयोग पीने के पानी के लिए, सिंचाई के लिए, परिवहन के लिए(नाव आदि) व पूजा-पाठ के लिए किया जाता है।

**प्रश्न 5. भारत के दक्षिणी भाग को प्रायद्वीपीय पठार क्यों कहा जाता है?**
**उत्तर:-**

1. भारत का दक्षिणी भाग तीन ओर से समुद्र से घिरा है इसलिए इसे प्रायद्वीप कहा जाता है।

2. यह क्षेत्र ऊँचा और ऊपर से समतल (पठार) है।
3. इसी कारण इसे प्रायद्वीपीय पठार कहा जाता है।

**प्रश्न 6. इस अध्याय में वर्णित यूनेस्को द्वारा मान्यता प्राप्त कौन-से धरोहर स्थल आपको अधिक रूचिकर लगे? इसके रोचक तथ्यों का संक्षिप्त में वर्णन कीजिए।**

उत्तर:- इस अध्याय में धरोहर स्थल रुचिकर लगे:-

1. जैसलमेर का किला
2. ग्रेट हिमालयन राष्ट्रीय उद्यान
3. पश्चिमी घाट
4. सुंदरवन डेल्टा

**रोचक तथ्य:-**

1. **जैसलमेर किला–** इसे "गोल्डन फोर्ट" कहा जाता है क्योंकि यह पीले पत्थरों से बना है और धूप में सुनहरा दिखाई देता है।
2. **ग्रेट हिमालयन राष्ट्रीय उद्यान–** यहाँ हिम तेंदुआ जैसे दुर्लभ जानवर पाए जाते हैं।
3. **पश्चिमी घाट–** यह बहुत समृद्ध जैव विविधता वाला क्षेत्र है।
4. **सुंदरवन डेल्टा–** यह दुनिया का सबसे बड़ा डेल्टा है और यहाँ रॉयल बंगाल टाइगर पाए जाते हैं।

**प्रश्न 7. इस पुस्तक के अंत में दिए गए भारत के भौतिक और राजनीतिक मानचित्रों को देखिए। आप अभी जिस क्षेत्र में हैं, उसकी पहचान कीजिए। आप भारत की किस भौतिक विशेषता का उपयोग इस स्थान का वर्णन करने के लिए करेंगे?**

**उत्तर:-** हम दिल्ली क्षेत्र में रहते हैं। भारत के भौतिक मानचित्र के अनुसार उत्तरी मैदान में स्थित है।यह क्षेत्र समतल, उपजाऊ और घनी आबादी वाला है।

**प्रश्न 8. भारत में खाद्य संरक्षण के उपाय जगह-जगह पर भिन्न हैं, जो स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप होते हैं। 'कक्षा परियोजना' के अंतर्गत खाद्य संरक्षण के विभिन्न उपायों के बारे में जानकारी एकत्रित कीजिए। (संकेत - मौसमी (ऋतु विशेष में उपलब्ध) सब्जियों को सुखाकर उन्हें अन्य ऋतुओं में उपयोग हेतु सुरक्षित रखना।)**

**उत्तर:-**

**कक्षा परियोजना**

**खाद्य संरक्षण के उपाय:**

1. **धूप में सुखाना** – मेरी, मटर आम आदि को सुखाकर रखना।
2. **नमक डालना** – अचार, मछली सुरक्षित रहती है।
3. **चीनी डालना** – जैम, जेली, मुरब्बा बनाना।
4. **तेल व मसाले डालकर** – अचार लंबे समय तक टिकता है।
5. **ठंडा रखना** – फ्रिज में भोजन सुरक्षित रहता है।

**प्रश्न 9. इतने अलग-अलग भौतिक स्वरूपों (पर्वतीय, मरुस्थलीय, मैदानी, तटीय इत्यादि) के साथ भारत एक विशाल देश है। भारत की भौगोलिक स्थिति ने लोगों को एकजुट रहने में किस प्रकार सहायता की है। इसके बारे में आपका क्या विचार है?**

उत्तर:- भारत की भौगोलिक स्थिति एकजुट होने में निम्न प्रकार से सहायता करती है:

1. प्राकृतिक सीमाएँ – हिमालय और समुद्र भारत को एक स्पष्ट पहचान देते हैं।
2. नदियाँ – गंगा, यमुना आदि नदियाँ लोगों को सांस्कृतिक रूप से जोड़ती हैं।
3. आवागमन व व्यापार – अलग-अलग क्षेत्रों के बीच संपर्क और समझ बढ़ती है।
4. विविधता में एकता – अलग जीवनशैली होने के बावजूद एकता बनी रहती है।
5. परस्पर निर्भरता – अलग-अलग क्षेत्रों के संसाधनों पर लोग एक-दूसरे पर निर्भर हैं।

**To get notes visit our website**

**mukutclasses.in**